**NEWS CLIPPING: 21.07.2019**

**PUNJAB KESARI**

# राष्ट्र निर्माण और समाज में मीडिया की भूमिका अहम

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में इंडक्शन कार्यक्रम का चौथा दिन

फरीदाबाद, 20 जुलाई (ब्यूरो): जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा नये अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम के चौथे दिन शिक्षा, सामाजिक एवं मीडिया जगत से जुड़े लोगों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और विद्यार्थियों के साथ राष्ट्र निर्माण व मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थी कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया जा रहा है। इस अवसर पर मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे। दिन के पहले सत्र में आईओसीएल फरीदाबाद से गंगाशंकर मिश्रा, जोकि एक सामाजिक कार्यकर्ता है, ने विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कृषि क्षेत्र में पत्रकारिता के लिए पत्रकार डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने 'पत्रकारिता में चुनौतियों' पर अपने विचार रखे तथा विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद किया।

उन्होंने आरक्षण, भ्रष्टाचार, शिक्षा और समाज निर्माण में मीडिया की भूमिका जैसे कई संवेदनशील मुद्दों पर विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब दिये। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए शुरूआत खुद से करनी होगी।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sun, 21 July 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c,

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 21.07.2019**

**HINDUSTAN**

# राष्ट्र निर्माण और मीडिया की भूमिका पर चर्चा की

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

## कार्यक्रम

- वाईएमसीए में इंडक्शन प्रोग्राम चौथे दिन भी जारी रहा
- विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को पहचाने की सलाह दी

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में इंडक्शन प्रोग्राम चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान शिक्षा, सामाजिक एवं मीडिया जगत से जुड़े लोगों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। छात्रों के साथ राष्ट्र निर्माण और मीडिया की भूमिका पर चर्चा की गई। इसका आयोजन विद्यार्थी कल्याण प्रकोष्ठ की डिप्टी डीन डॉ. सोनिया बंसल और मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा के देखरेख में किया गया।

कृषि क्षेत्र में पत्रकारिता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने 'पत्रकारिता में चुनौतियों' पर अपना विचार रखे। उन्होंने आरक्षण, भ्रष्टाचार, शिक्षा और समाज निर्माण में मीडिया की भूमिका के संबंध में बताया। वहीं, विद्यार्थियों की ओर से पूछे गए सवालों का जवाब भी दिए। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए शुरूआत खुद से करनी होगी। जब तक हम खुद को बदलाव लाने में सक्षम नहीं होंगे, समाज को बदलना संभव नहीं है।

**NEWS CLIPPING: 21.07.2019**

## DAINIK BHASKAR

# समाज में सकारात्मक बदलाव को शुरूआत खुद से करें: गंगाशंकर मिश्रा

## यूनिवर्सिटी में चौथे दिन शिक्षा, सामाजिक एवं मीडिया से जुड़े लोगों से स्टूडेंट का संवाद

**भास्कर न्यूज** | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के इंडक्शन कार्यक्रम में चौथे दिन शिक्षा, सामाजिक एवं मीडिया जगत से जुड़े लोगों से स्टूडेंट का संवाद हुआ। इस दौरान राष्ट्र निर्माण व मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा हुई।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता गंगाशंकर मिश्रा ने विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए शुरूआत खुद से करनी होगी। जब तक हम खुद को बदलाव लाने में सक्षम नहीं होंगे, समाज को नहीं बदला जा सकता। पत्रकार डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने 'पत्रकारिता में चुनौतियों' पर अपने विचार रखे तथा विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने आरक्षण, भ्रष्टाचार, शिक्षा और समाज निर्माण में मीडिया की भूमिका जैसे कई संवेदनशील मुद्दों पर स्टूडेंट की ओर से पूछे गए सवालों के जवाब दिए। पत्रकार सौरभ भारद्वाज ने 'स्मार्ट पीपल स्मार्ट सिटी' विषय पर चर्चा की। उन्होंने स्टार्ट सिटी की परिकल्पना में लोगों की भूमिका को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की अवधारणा को धरातल पर लाने के लिए सबसे पहले लोगों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा और सोच को बदलना होगा। इस सत्र का संचालन मानविकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुभाष गोयल तथा प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर सपना तनेजा ने किया। इस दौरान थिएटर कलाकार अभिषेक ने स्टूडेंट्स को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दूसरे सत्र में प्रोफेसर डॉ. सुपर्णा दत्ता ने स्टूडेंट्स को अपनी क्षमताओं की पहचान करने तथा अवसरों का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा देश में तकनीकी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच के मामले में पूर्वोत्तर राज्यों की तुलना में एनसीआर काफी संपन्न है और यहां के स्टूडेंट काफी खुशकिस्मत हैं कि उन्हें उच्च कोटि की शिक्षा हासिल हो रही है। इसका उन्हें लाभ उठाना चाहिए।



**फरीदाबाद.** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गंगाशंकर मिश्रा।